# औद्योगिक सहयोग, पर्यटन व शिक्षा में साथ काम करेंगे यूपी और जापान


## सीएम योगी व जापानी गवर्नर की मौजूदगी में हुआ समझौता

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान के यामानाशी प्रांत के राज्यपाल कोटारो नागासाकी के साथ आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार जापानी कंपनियों के साथ सहयोग की इच्छुक है। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के पार्टनर कंट्री के रूप में जापान का बड़ा सहयोग मिला। इस मौके पर यूपी सरकार और यामानाशी प्रांत (जापान) के मध्य औद्योगिक सहयोग, पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्र में एमओयू किया गया।

राज्य सरकार की ओर से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और यामानाशी के गवर्नर्स पॉलिसी प्लानिंग ब्यूरो के महानिदेशक जुनीची इशिदेरा ने एमओयू का आदान प्रदान किया। इस दौरान सीएम ने प्रतिनिधिमंडल से जापानी भाषा में संवाद किया। सीएम ने यूपी को अनलिमिटेड पोटेंशियल का स्टेट बताते हुए कहा कि यहां आपको सुखद अनुभव होगा। भारत और जापान के संबंध सदियों से मैत्रीपूर्ण रहे हैं। आज जब दुनिया के तमाम देश युद्ध से घिरे हैं, तब पीएम मोदी भगवान बुद्ध के संदेश से दुनिया को शांति व एकता के सूत्र में बांध रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यूपी व जापान के बीच हुआ एमओयू प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का परिणाम है। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग अत्यंत समृद्ध हैं। दोनों देशों के मध्य वित्तीय वर्ष 2023-24 में 22.854 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ है। यामानाशी के गवर्नर ने एमओयू पर खुशी जताते हुए कहा कि जापान लेबर स्किल्ड डवलपमेंट, रिन्यूएबल एनर्जी, हाइड्रो पावर, ज्ञान और तकनीक के आदान प्रदान में सहयोग देगा।



जापान के यामानाशी प्रांत के राज्यपाल कोटारो नागासाकी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। -सूचना विभाग

### यूपी में निवेश का बेहतर माहौल : सीएम योगी

योगी ने कहा कि हमने प्रदेश में निवेश के लिए बेहतरीन माहौल तैयार किया है। यहां रेल, रोड, वायु और जलमार्ग की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। प्रदेश ने स्वयं को एक्सप्रेसवे राज्य के रूप में स्थापित किया है। कहा, यामानाशी और यूपी में एक बड़ी समानता है। दोनों ही लैंडलॉक्ड स्टेट हैं और इनकी अपनी सीमाएं हैं। यहां ड्राई पोर्ट्स भी विकसित किए गए हैं। सीएम ने बताया कि वाराणसी में 100 एकड़ में देश का पहला फ्रेट विलेज विकसित हो रहा है। जापान और भारत के बीच शताब्दियों से गहरे सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से यूपी में भगवान बुद्ध से जुड़े सारनाथ, श्रावस्ती, कुशीनगर आदि स्थलों के भ्रमण का अनुरोध भी किया।

### क्या मैं विधानसभा का सदस्य बन सकता हूं : कोटारो

**जापान के यामानाशी प्रांत के राज्यपाल ने विधानसभा का भ्रमण किया**

जापान के यामानाशी प्रांत के राज्यपाल कोटारो नागासाकी ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से कहा कि इतनी सुंदर असेंबली मैंने आज तक नहीं देखी। ये जितनी भव्य है, उतनी ही ऐतिहासिक भी ...क्या मैं इसका सदस्य बन सकता हूं। वह सोमवार को यूपी विधानसभा का भ्रमण कर रहे थे। उनके एक प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था। महाना ने प्रतिनिधिमंडल को विधानसभा के ऐतिहासिक महत्व और हाल के बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूपी इस समय देश को आर्थिक व औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान कर रहा है। प्रदेश में हाईवे व औद्योगिक परियोजनाएं तेजी से विकसित हो रही हैं। इससे निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। महाना ने प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल कात्रो नागासाकी ने महाना को जापान आने के लिए आमंत्रित किया।

■ **जापानी प्रतिनिधिमंडल को बुद्धिस्ट सर्किट की दी जानकारी :** जापान के यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी व उनके प्रतिनिधिमंडल का सोमवार को पर्यटन विभाग ने बुद्धिस्ट सर्किट की जानकारी दी। उन्हें महाकुंभ में आने का निमंत्रण भी दिया गया। इस दौरान अतिथियों को काला नमक चावल और बौद्ध धर्म चक्र मूर्ति भेंट की गई। पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने जापानी दल को बताया कि प्रदेश में भगवान राम, भगवान कृष्ण, भगवान शिव की काशी के साथ ही भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े सारनाथ, कुशीनगर, संकिसा, श्रावस्ती, कौशांबी, कपिलवस्तु समेत कई पर्यटन स्थल हैं।